अवैध हथियारों के साथ दो गिरफ्तार

श्रृंगीनारी,हर्रैया(बस्ती)। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष बिछनैया ताल के पास से दो युवकों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों के विरुद्ध



परसरामपुर प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में परसरामपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

जानकारी के अनुसार परशुरामपुर पुलिस, एसओजी और एंटी थेप्ट टीम ने संयुक्त कार्रवाई में बिछनैया ताल के पास से आशीष गुप्ता पुत्र गोविंद गुप्ता निवासी कस्बा परसरामपुर और चन्द्र प्रकाश यादव पुत्र चंद्रिका प्रसाद निवासी पायर कोहना, थाना छपिया, जनपद गोंडा को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से एक देशी पिस्टल, एक जिंदा कारतूस 7.65 एमएम और एक तमंचा 315 बोर बरामद हुआ है।

पुलिस ने दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। मौके से 810 रुपये नकद और एक मोटरसाइकिल भी बरामद की गई। बाइक को मोटर अधिनियम के तहत सीज किया गया।

जन्मेजय हत्याकांड में बड़ी कार्रवाई, 24 घंटे के अंदर तीन आरोपी गिरफ्तार

महादेवा, बस्ती। लालगंज थाना क्षेत्र के थाल्हापार गांव में जन्मेजय की मौत के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन वांछित आरोपियों को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर 28 अक्टूबर को मृतक की मां और ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए सड़क जाम किया था। मृतक की मां थानाध्यक्ष की गाड़ी के सामने लेट गई थीं और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की थी।पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक बस्ती ओमवीर सिंह के आदेश पर, अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकान्त के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी रूधौली अनिल कुमार सिंह के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद चैधरी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।लालगंज पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या ''279/2026'' के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1), 115(2), 352, 351(3) तथा एससी एसटी एक्ट की संबंधित धाराओं में वांछित तीन आरोपियों बालगोबिंद पुत्र कालीचरण, ममता पुत्री कालीचरण और इंद्रासनी पत्नी कालीचरण, निवासी थाल्हापार,



थाना लालगंज, जनपद बस्ती को 29 अक्टूबर 2026 को सुबह करीब 6 बचकर 30 मिनट पर थाल्हापार से मुंडेरवा जाने वाले मार्ग पर इचड़वा नाले के पास से गिरफ्तार किया।गिरफ्तार आरोपियों में बालगोबिंद की उम्र 33 वर्ष, ममता की उम्र करीब 25 वर्ष और इंद्रासनी की उम्र 65 वर्ष बताई गई है। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद तीनों आरोपियों को न्यायालय भेज दिया।'

'गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम''कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद चैधरी, निरीक्षक राजेश विश्वकर्मा, वरिष्ठ उपनिरीक्षक राधेश्याम प्रसाद, उपनिरीक्षक रुदल बहादुर सिंह, उपनिरीक्षक अनंत मिश्रा, कांस्टेबल राजन कुमार, कांस्टेबल जुनैद अहमद, महिला कांस्टेबल अंतिमा पटेल और महिला कांस्टेबल कुमकुम यादव शामिल रहीं।

गनेशपुर में प्रस्तावित आवासीय कॉलोनी पर रोक लगाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

बस्ती। भारतीय दलित वर्ग संघ के राष्ट्रीय सचिव साधु शरण आर्य ने बस्ती मण्डल मुख्यालय से सटे गनेशपुर नगर पंचायत क्षेत्र में सुयश पेपर मिल के पास प्रस्तावित आवासीय कॉलोनी के निर्माण पर सवाल उठाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा। ज्ञापन में प्रस्तावित कॉलोनी से आसपास के लोगों को होने वाली परेशानियों, भूमि विवाद और सरकारी धन के कथित दुरुपयोग की आशंका जताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कर परियोजना को अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की गई है।ज्ञापन में कहा गया है कि गनेशपुर रोड स्थित सुयश पेपर मिल के बगल में विकास प्राधिकरण द्वारा आवासीय कॉलोनी विकसित करने की योजना बनाई जा रही है। साधु शरण आर्य का कहना है कि पेपर मिल से निकलने वाली राख के कारण



आसपास के लोग पहले से प्रभावित हैं। ऐसे में उसी स्थान के बगल में आवासीय कॉलोनी विकसित किए जाने से लोगों के सामने स्वास्थ्य और पर्यावरण संबंधी समस्याएं खड़ी हो सकती हैं।उन्होंने ज्ञापन देने के बाद कहा कि गनेशपुर क्षेत्र में एनएच-27 से गनेशपुर एवं बनबिहार की ओर जाने वाले मार्ग पर कट चैराहा बंद किए जाने से स्थानीय लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, क्षेत्र में जंगल विकसित किए जाने से जंगली जानवरों के कारण जनहानि की आशंका तथा कुआनो नदी में बाढ़ के दौरान पानी भरने जैसी समस्याओं का भी जिक्र किया गया है।साधु शरण आर्य ने ज्ञापन में आरोप लगाया कि प्रस्तावित परियोजना से संबंधित भूमि के अगले हिस्से को लेकर स्थानीय लोगों के बीच विभिन्न न्यायालयों में विवाद चल रहा है। उन्होंने राजस्व अभिलेखों में कथित हेराफेरी कर बाहरी लोगों को मुआवजे की धनराशि दिलाए जाने की आशंका भी जताई है।

उन्होंने पूरे प्रकरण की बिंदुवार जांच कराकर तथ्यों के आधार पर कार्रवाई किए जाने की मांग की।कहा कि आम जनता के हितों की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के विरुद्ध जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो वे शांत बैठने वाले नहीं हैं। जरूरत पड़ने पर आंदोलन की तैयारी की जाएगी।ज्ञापन सौंपने वालों में गौरी शंकर, बलवंत यादव, अमीर आलम, राम धीरज चैधरी आदि शामिल रहे।

प्रशासन ने हटवाया रास्ते से अवैध कब्जा

हर्रैया(बस्ती)। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के भरवलिया गांव में सरकारी जमीन पर हुए अवैध निर्माण को तहसील प्रशासन ने हटवा दिया है। एसडीएम प्रद्युम्न कुमार के निर्देश पर नायब तहसीलदार शालिनी पटेल ने कप्तानगंज पुलिस के साथ मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण ध्वस्त कराकर रास्ते को बहाल कराया। गौरतलब है कि गांव में सरकारी भूमि पर अवैध रूप से निर्माण कर मुख्य रास्ते को बंद कर दिया गया था जिससे स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही थी। इसी को लेकर बुधवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने स्कूली बच्चों के साथ एसडीएम कार्यालय का घेराव कर जमकर प्रदर्शन किया था और जल्द से जल्द रास्ता खुलवाने की मांग की थी। ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए जिसके क्रम में बुधवार को शाम नायब तहसीलदार ने पुलिस फोर्स और जेसीबी के साथ गांव पहुंचीं और अवैध निर्माण को हटवा दिया। इस



दौरान टीम को अतिक्रमणकारियों के साथ काफी नोंक-झोंक हुआ। रास्ता खुलने से ग्रामीणों और स्कूली बच्चों ने राहत की सांस ली है। ग्राम प्रधान अशर्फीलाल ने बताया कि नायब तहसीलदार शालिनी पटेल व कप्तानगंज पुलिस फोर्स ने सड़क से अवैध कब्जा हटवाकर मिट्टी पटवा दिया गया है। उसपर पर खड़ंजा लगाकर दिया जाएगा। इस दौरान नायब तहसीलदार ने विपक्षी को सख्त चेतावनी दी कि दोबारा सरकारी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास न करे, अन्यथा उसके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

बस्ती। मुण्डेरवां मे चकबंदी अभिलेख (अंतिम) मे तैनात लेखपाल उमेश पाण्डेय की अनियमितताओं से इलाके के



काश्तकार परेशान हैं। इस सम्बन्ध मे चकबंदी समिति के अध्यक्ष प्रदीप सिंह व क्षेत्रीय जनता ने मौखिक व लिखित सूचना से चकबंदी आयुक्त को अवगत कराया था। किन्तु लेखपाल के विरूद्ध न तो कोई कार्यवाही हुई और न ही उसका तबादला किया गया, जिससे समस्यायें यथावत बनीं हैं। आज गुरूवार को राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष राधेश्याम चैधरी, जिला महासचिव सुनील कुमार पाण्डेय, शनि सिंह, प्रदीप सिंह, धनंजय सिंह, रविन्द्र सिंह, कुलदीप यादव, मीते यादव, वसीम अहमद, जमशेद तथा शिवकुमार आदि ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और लेखपाले के तबादले की मांग की।

निषाद पार्टी जिलाध्यक्ष बने धर्मराज निषाद

बस्ती। निषाद पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने धर्मराज निषाद को बस्ती का जिलाध्यक्ष घोषित किया है। धर्मराज निषाद ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं



उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद सहित शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। धर्मराज निषाद इससे पहले निषाद पार्टी के युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।

युवा मोर्चा में उनकी सक्रियता और संगठन को मजबूत बनाने के लिए किए गए प्रयासों को देखते हुए उन्हें अब जिले के संगठन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। धर्मराज निषाद ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद ने उन पर जो विश्वास जताया है, वे पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।धर्मराज निषाद को जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर दीपू निषाद, अशोक निषाद, प्रदीप निषाद, हरिप्रसाद साहनी, मोनू निषाद, रामपाल निषाद, रामू निषाद, चंद्रशेखर निषाद, एडवोकेट शिव शंकर श्रीवास्तव, यमुना निषाद, मनीषा निषाद, धनपत, राजेश भारती, आकाश चैधरी, विश्राम भारती सहित अन्य लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

कार्तिक मास में निकली प्रभात फेरी

महादेवा, बस्ती।महादेवा चैराहे पर डॉ. आरपी शुक्ल के नेतृत्व में



कार्तिक महोत्सव पर 24 नवम्बर तक चलने वाले राम नाम संकीर्तन के तीसरे दिन बुधवार को प्रभात फेरी निकाली गई। सुबह चार बजे महादेवा शिव मंदिर से शुरू हुई प्रभात फेरी बौरिहवा हनुमान मंदिर तक पहुंची। इसके बाद सुबह पांच से छह बजे तक पंडित कृष्ण कुमार शुक्ल महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराया।

कथा के दौरान पंडित कृष्ण कुमार शुक्ल महाराज ने तुलसी पूजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कार्तिक मास में तुलसी पूजन और संध्या के समय दीपदान करने से भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की विशेष कृपा प्राप्त होती है।

उन्होंने श्रद्धालुओं को धार्मिक आस्था के साथ पूजा-पाठ और सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

प्रभात फेरी में बबलू सिंह, डॉ. आरपी शुक्ल, हरिप्रसाद गुप्त, जगदंबा शुक्ल, राजेंद्र शुक्ल, बिंदु और राधेश्याम अग्रहरि सहित अन्य श्रद्धालु शामिल रहे।

कोटेदार पर राशन वितरण में अनियमितता का आरोप, जांच के बाद कोटा निरस्त करने की मांग

बस्ती। सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत खदरा एवं बनगवां प्रथम में सरकारी राशन वितरण में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार को लेकर ग्रामीणों ने आवाज उठाई है। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी सदर, बस्ती को शिकायती पत्र देकर संबंधित कोटेदारों के खिलाफ जांच में दोषी पाए जाने पर मुकदमा दर्ज करने और कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।खदरा निवासिनी पूनम पाण्डेय, रामकिशन, राम प्रीत, मिथलेश पाण्डेय आदि ने शिकायती पत्र में कहा है कोटेदार शिवाजी और ग्राम प्रधान प्रहलाद द्वारा अंत्योदय राशन कार्ड बनवाने तथा राशन वितरण में नियमों की अनदेखी की जा रही है। इसके अलावा, पात्र लाभार्थियों को निर्धारित मात्रा में राशन नहीं मिलने और राशन वितरण व्यवस्था में मनमानी किए जाने की शिकायत भी की गई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि संबंधित लोगों की राजनीतिक पहुंच का हवाला देकर कथित तौर पर दबाव बनाने की बात कही जाती है। शिकायती पत्र में यह भी मांग की गई है कि राशन कार्डों की पात्रता, लाभार्थियों की संख्या, खाद्यान्न के आवंटन और वितरण अभिलेखों की जांच कराई जाए। साथ ही, संबंधित कोटेदारों एवं अन्य जिम्मेदार लोगों की भूमिका की निष्पक्ष जांच की जाए, ताकि सरकारी राशन वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच के बाद कोटेदार के विरूद्ध समुचित कार्यवाही करने के साथ ही कोटे को निलम्बित कर नये सिरे से कोटा आवंटन की प्रक्रिया शुरू किया जाय।

रोजगार मेले का आयोजन दो नवम्बर को

बस्ती। चन्द्रगुप्त मौर्य प्रभावंश महिला महाविद्यालय बनकटी मे जिला सेवायोजन विभाग की ओर से 02 नवम्बर दिन सोमवार को दिन मे 10 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुये महाविद्यालय की डायरेक्टर डा. नीलम मौर्य ने बताया कि आठवीं कक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों से लेकर स्नातक, परास्नातक, आईटीआई, पॉलीटेक्निक और बी टेक पास 18 से 40 वर्ष तक के बेरोजगारों के लिये यह एक सुनहरा अवसर है। विभिन्न कम्पनियों के अधिकारी सीधे साक्षात्कार के जरिये अभ्यर्थियों का चयन करेंगे। डा. नीलम मौर्य ने कहा रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं के लिये रोजगार का अवसर चलकर उनके घर तक पहुचा है। उन्होने अभ्यर्थियों से इसका लाभ उठाने की अपील किया है।

प्रादेशिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए बस्ती मण्डल की टीम प्रयागराज रवाना

बस्ती। प्रयागराज के मदन मोहन मालवीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में 30 अक्टूबर से 3 नवंबर तक आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए बस्ती मंडल की टीम गुरुवार को बस्ती रेलवे स्टेशन से रवाना हुई।

◆प्रतियोगिता में मंडल के 36 बालक, 34 बालिकाएं दिखाएंगी दमखम

प्रतियोगिता में मंडल के कुल 70 एथलीट प्रतिभाग करेंगे, जिनमें 36 बालक और 34 बालिकाएं शामिल हैं। मंडल के तीनों जनपदों से चयनित खिलाड़ी प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इनमें जनपद बस्ती से 20 बालिकाएं और 16 बालक, संतकबीरनगर से 7 बालिकाएं और 13 बालक तथा सिद्धार्थनगर से 7 बालिकाएं और 7 बालक शामिल हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक संजय सिंह ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसी प्रतियोगिताओं से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि



बस्ती मंडल के खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मंडल का गौरव बढ़ाएंगे। जिले के शारीरिक शिक्षक प्रभाकर रंजन ओझा की विशेष ड्यूटी संयुक्त शिक्षा निदेशक, प्रयागराज के आदेश पर प्रतियोगिता में लगाई गई है। वह प्रतियोगिता के दौरान अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। बालिका टीम की मैनेजर पूर्णिमा तिवारी और रेखा तथा बालक टीम के मैनेजर शैलेंद्र कुमार और विनय कुमार शाह हैं। टीम के साथ कोच के रूप में जोखू प्रसाद, राजकुमार यादव, हरीश सिंह और प्रभाकर सिंह भी रवाना हुए हैं। मंडल के एथलीट अमित कुमार यादव, रमेश चंद्र गुप्ता और विवेक कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

भाजपा बस्ती की संगठनात्मक बैठक में 4 नवम्बर की पदयात्रा तैयारियों पर बनी रणनीति

बस्ती। गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, बस्ती पर आगामी 4 नवम्बर को गोरखपुर क्षेत्र में आयोजित होने वाले लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ अभियान के अंतर्गत प्रस्तावित पदयात्रा कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आवश्यक संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने तथा बस्ती जनपद से बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत रणनीति बनाई गई।बैठक के मुख्य वक्ता एवं जिला प्रभारी, क्षेत्रीय महामंत्री डॉ. सत्येन्द्र सिन्हा ने कहा कि संगठन की शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ताओं में निहित है। आगामी 4 नवम्बर को गोरखपुर में आयोजित पदयात्रा में बस्ती से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं से संपर्क कर कार्यक्रम की तैयारियों को गति दें, जिससे अभियान को व्यापक जनसमर्थन मिल सके।

भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की विचारधारा और जनहित के मुद्दों को लेकर सदैव सक्रिय रहता है। आगामी



पदयात्रा को सफल बनाने के लिए आपसी समन्वय के साथ जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों एवं मंडल प्रभारियों को जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे निर्धारित तिथि पर सफल बनाएं।उल्लेखनीय है कि गोरखपुर में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन के मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने का कार्यक्रम प्रस्तावित है।बैठक में प्रमुख रूप से पवन कसौधन, रवि सोनकर, संजय चैधरी, सुशील सिंह, राजेश पाल चैधरी, वैभव पाण्डेय, यशकांत सिंह, राम सिंगर ओझा, अरविंद पाल, संगीता जायसवाल, अमृत कुमार वर्मा, अभिषेक कुमार, प्रेम प्रकाश चैधरी, अंकुर वर्मा, प्रत्युष विक्रम सिंह, भानु प्रकाश मिश्रा, दिलीप पाण्डेय, शिवानी सिंह, सुरेंद्र चैधरी, राकेश शर्मा, राजेन्द्र राजभर, प्रदीप निषाद, सुधाकर पाण्डेय 'नीरज', विनय सिंह भारद्वाज, नीलम गौड़, राधेश्याम कमलापुरी, रवि कुमार, विनय यादव, प्रभुदयाल वर्मा, राजेश कमलापुरी, कमेन्द्र चैहान, शिव प्रसाद चैधरी, विजय पांडे राजू, विशुद्धानंद तिवारी, प्रबल मलानी, योगेंद्र सिंह, पुष्करादित्य सिंह, अरविंद सिंह, रामायण सिंह, राकेश श्रीवास्तव, गौरव तिवारी, राजकुमार शुक्ल, आदित्य शर्मा सहित जिला मीडिया प्रभारी अजय पाल सिंह एवं बड़ी संख्या में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी और वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

